फूल सिंह बिष्ट, राजकीय महाविद्यालय, नौघर, लम्बगांव (टिहरी गढ़वाल)

एंटी ड्रग सेल

कार्यक्रम आख्या– माह अक्टूबर 2023

पत्रांक–182 **दिनांक– 18–10–2023**

कार्यक्रम– निबन्ध प्रतियोगिता **विषय– नशा– कारण, दुष्प्रभाव एवं बचाव।**

आज दिनांक 17–10–2023 को एंटी ड्रग सेल के तत्वाधान में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया । सभी प्रतिभागियों ने उक्त विषय पर मुख्यतः दुष्प्रभाव एवं बचाव पर अपनी मौलिक अभिव्यक्ति भी निबन्ध के माध्यम से व्यक्त की, जो सराहनीय है। उक्त प्रतियोगिता में आशीष कण्डियाल (बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, साक्षी (एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा शिवानी (तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजय कृष्ण फाउन्डेशन की ओर से छात्र–छात्राओं को पुरूस्कृत किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र–छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान किया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करने के साथ–साथ सामाजिक भागीदारी का निर्वहन करने पर बल दिया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा नशा मुक्त देवभूमि अभियान में छात्र–छात्राओं की भूमिका को स्पष्ट करते हुए अपने परिवार, गांव, समाज में नशे के विरूद्व जनजागरूकता में भागीदार बनने का आहवान किया गया। उदबोधन के अन्त में प्राचार्य महोदय ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन एंटी ड्रग सेल के समन्वयक श्री धनेश प्रसाद उनियाल द्वारा किया गया। निर्णायक मण्डल की भूमिका में डॉ0 भरत सिंह राणा(असि0प्रो0), श्री मंयक (असि0प्रो0), श्री अजीत सिंह राणा (असि0प्रो0) रहे। साथ ही कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ0 सतेन्द्र कुमार पाण्डे, डॉ0 विपिन कुमार शर्मा, डॉ0 शुभम उनियाल, श्रीमती मयनी चौधरी, डॉ अमिता विहान, श्री मकान सिंह, सोबन सिंह सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
एंटी ड्रग सेल
GPS Map Camera
Google
Naughar, Uttarakhand, India
GFFX+C45, Naughar, Uttarakhand 249165, India
Lat 30.523468°
Long 78.498812°
17/10/23 01:21 PM GMT +05:30

GPS Map Camera
Google
Naughar, Uttarakhand, India
GFCW+MWJ, Naughar, Uttarakhand 249165, India
Lat 30.521685°
Long 78.497656°
17/10/23 11:49 AM GMT +05:30

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
एंटी ड्रग सेल


प्राचार्य 18/10/23
प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
राजकीय महाविद्यालय